# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## सोमवार, दिनांक 24 मार्च, 2025

## कुल संख्या-24

| | |
|---|---|
| कृषि मंत्री | 03 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| शिक्षा मंत्री | 03 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 03 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 03 |
| राजस्व मंत्री | 03 |
| सहकारिता राज्य मंत्री | 03 |
| उर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### सांचौर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मुआवजा

493. (6630/कृषि) श्री जीवाराम चौधरी (64)- क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र सांचौर के सांचौर व चितलवाना में रबी 2023 में फसल बुआई से लेकर कटाई तक वर्षा व ओलावृष्टि से फसल खराबा हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कम्पनी से मुआवजा दिलवाने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि सांचौर में वर्ष 2023 में रबी फसल में हुए नुकसान का मुआवजा 20 प्रतिशत ही मिलने के कारण किसानों द्वारा शिकायतें दर्ज करवायी गई थी ? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों को पोस्ट हार्वेस्ट क्लेम देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब

तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## झालावाड़ में आरएसएलडीसी योजना में प्रशिक्षण

494. (3045/कौशल नियोजन एवं उद्यमिता) श्री कालूराम (31)- क्या कौशल नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा युवाओं को कौशल विकास के लिए राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के तहत प्रशिक्षित किया जाता है? यदि हां, तो विगत एक वर्ष में कितने युवाओं को प्रशिक्षित किया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा विगत एक वर्ष में जिला झालावाड़ में किन-किन प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सियों को, कौन-कौनसे प्रशिक्षण के लिए, कितनी-कितनी राशि का भुगतान, कब-कब किया गया है? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) जिला झालावाड़ में राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के तहत प्रशिक्षण के लिए माह जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2024 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? उक्त आवेदनों में से कितने आवेदन, किन कारणों से निरस्त किये गए? क्या निरस्त किये गए आवेदनों की अमानत राशि लौटा दी गई है? यदि हां, तो कब व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चाकसू विधान सभा क्षेत्र के गांवों में नाली निर्माण

495. (7087/ग्रामीण विकास) श्री रामावतार बैरवा (137)- क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

विधान सभा क्षेत्र चाकसू के गांवों में कीचड़ की समस्या के समाधान हेतु विगत तीन वर्षों में कितने गांवों में नाली निर्माण करवाया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला कोटा के छात्रवृत्ति से वंचित छात्र

496. (4724/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री चेतन पटेल कोलाना (53)- क्या सामाजिक न्याय एवं

अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में कई छात्रों की छात्रवृत्ति के आवेदन ऑनलाईन करने के बाद भी संबंधित कॉलेज द्वारा विभाग को स्वीकृति हेतु आवेदन नहीं भेजने के कारण छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह गये हैं? यदि हां, तो जिला कोटा के ऐसे आवेदकों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार छात्रवृत्ति से वंचित उक्त छात्रों को छात्रवृत्ति देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## गोगुन्दा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्य

497. (6634/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री प्रताप लाल भील (93)- क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र गोगुन्दा में विगत एक वर्ष में आवासीय विद्यालयों व छात्रावासों के अतिरिक्त कौन-कौनसे विकास के कार्य स्वीकृत किये गये? यदि नहीं, तो क्यों ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त के अतिरिक्त अन्य विकास कार्यों को स्वीकृत करने की सरकार की कोई कार्य योजना है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बज्जू (बीकानेर) में आरक्षित भूमि का आवंटन

498. (4385/उपनिवेशन) श्री अंशुमान सिंह भाटी (1)- क्या उपनिवेशन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि उपखण्ड अधिकारी, बज्जू जिला बीकानेर द्वारा दिनांक 1.11.2020 से 10.10.2023 तक 68 से अधिक प्रकरणों में विशेष आवंटन (13ए) व मोहरबंद श्रेणी की गजट में प्रकाशित आरक्षित भूमि का सामान्य आवंटन श्रेणी में आवंटन कर दिया गया है? यदि हां, तो आवंटियों का नाम, चक, मुरब्बा नंबर व क्षेत्रफल सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त आवंटनों की जांच करवाकर खारिज करने तथा दोषी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## लाडपुरा विधान सभा क्षेत्र के किसानों का बीमा क्लेम

499. (7515/सहकारिता) श्रीमती कल्पना देवी (28)- क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र लाडपुरा में सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 व 2024-25 में कितने किसानों का दुर्घटना बीमा करवाया गया है? उक्त अवधि में कितनी राशि प्रीमियम की प्राप्त हुई है एवं कितना प्रीमियम बीमा धारक द्वारा दिया गया है? उक्त क्षेत्र के काश्तकारों द्वारा दिये प्रीमियम की राशि का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या बीमा कम्पनी स्वास्थ्य परीक्षण के बिना ही बीमा कर रही है? यदि हां, तो बीमित व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात् स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण कितने प्रकरणों को निरस्त किया गया है? उक्त अवधि में बीमा कम्पनी ने कितने क्लेम स्वीकृत किये और कितने क्लेम किन कारणों से निरस्त किये गये हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त अवधि में उक्त विधान सभा क्षेत्र में कितने किसानों की दुर्घटना हुई एवं कितने किसानों द्वारा क्लेम हेतु आवेदन किया गया? उक्त में से कितने स्वीकृत तथा कितने निरस्त किये गये? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला उदयपुर में 400 के.वी. ग्रिड स्टेशन की स्थापना

500. (2819/ऊर्जा) श्री फूल सिंह मीणा (98)- क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या जिला उदयपुर जिले में विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु 400 केवी ग्रिड सब स्टेशन लगाया जाना प्रस्तावित है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त जिले में अधिभार से मुक्ति पाने हेतु कौन-कौनसे कार्य स्वीकृत एवं प्रस्तावित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ओसियां विधान सभा क्षेत्र में फसलों के नुकसान का मुआवजा

501. (6304/आपदा प्रबंधन एवं सहायता) श्री भेरा राम चौधरी (सियोल) (108)- क्या आपदा प्रबंधन एवं सहायता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र ओसियां में विगत तीन वर्षों में अतिवृष्टि व प्राकृतिक प्रकोप से किसानों की फसलों में नुकसान हुआ है? यदि हां, तो सर्वे के अनुसार कहां-कहां व कितना-कितना नुकसान हुआ? वर्षवार व ग्राम पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त अवधि में हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को दिया जाना शेष है? यदि हां, तो कितने किसानों को, कितना? ग्राम पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार शेष रहे किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## फतेहपुर विधान सभा क्षेत्र में रीको द्वारा भू-खण्ड आवंटन

502. (6187/उद्योग) श्री हाकम अली खां (197) - क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र फतेहपुर मे औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कब व कितने क्षेत्रफल में की गयी है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त औद्योगिक क्षेत्र में कितने भू-खण्ड कब-कब आवंटित किए गए? आवंटितों के नाम व पते सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) रीको द्वारा भूखंड आवंटन करने का क्या नियम है? क्या उक्त क्षेत्र में निमयानुसार आवंटित भू-खण्डों

में उद्योग प्रारंभ हो गए हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त क्षेत्र में रिक्त भूखण्डों पर कार्यवाही कर नियमानुसार आवंटन निरस्त करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उपखण्ड बदनोर में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय की स्थापना

503. (1177/शिक्षा) श्री जब्बर सिंह सांखला (57) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र आसीन्द के उपखण्ड बदनोर में नवीन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## अनुजा निगम लिमिटेड में महाप्रबन्धक के पद का कार्यभार

504. (5548/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री विक्रम बंशीवाल (149)- क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि राजस्थान अनुसूचित जाति-जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड में महाप्रबन्धक का पद राजस्थान प्रशासनिक सेवा की सलेक्शन स्केल का पद है? यदि हां, तो उक्त पद पर वर्ष 2016-17 से अब तक कौन-कौनसे अधिकारी पदस्थापित रहे हैं? यदि नहीं, तो उक्त पद पर किस अधिकारी द्वारा कार्य किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि कार्यालय में परियोजना प्रबन्धक के पद पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कार्यरत हैं? यदि हां, तो महाप्रबन्धक के रिक्त पद का कार्यभार मूल्यांकन सेवा के अधिकारी को दिया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या राजस्थान प्रशासनिक सेवा का अधिकारी मूल्यांकन सेवा के अधिकारी के अधीन कार्य कर सकता है? यदि नहीं, तो महाप्रबन्धक के पद का कार्यभार परियोजना

प्रबन्धक को क्यों नहीं दिया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## एम.आई. रोड, जयपुर स्थित गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, जयपुर की भूमि

505. (5907/गृह रक्षा) श्री अमीन कागजी (9)- क्या गृह रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि एम.आई. रोड एवं संसारचंद्र रोड़, जयपुर के मध्य तिराहे पर स्थित गृह भूमि पर 1968 से गृह रक्षा निदेशालय की कुछ अधीनस्थ यूनिट/कार्यालय एवं गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त भूमि को गृह रक्षा विभाग जयपुर को दिये जाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खींवसर विधान सभा क्षेत्र के भवन विहीन पटवार मंडल

506. (4461/राजस्व) श्री रेवन्तराम डांगा (189)- क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र खींवसर में कुल कितने पटवार मंडल हैं? उक्त में से कितने पटवार मंडलों के भवन बने हुए हैं तथा कितने भवन विहीन हैं? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार भवन विहीन पटवार मंडलों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## तिजारा उपखण्ड मुख्यालय पर हवाई पट्टी का निर्माण

507. (6388/नागरिक उड्डयन) महन्त बालकनाथ (114)- क्या नागरिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र तिजारा के उपखण्ड मुख्यालय तिजारा में हवाई पट्टी का निर्माण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बानसूर विधान सभा क्षेत्र में विद्युत कार्यों की जांच

508. (1066/ऊर्जा) श्री देवी सिंह शेखावत (81)- क्या ऊर्जा

राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बानसूर में माह अप्रैल, 2023 से दिसम्बर, 2024 तक 33 केवी व 11 केवी संयुक्त किट तथा कृषि कनेक्शन के कितने कार्यादेश जारी किये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त कार्यों में से कितनों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा निगम द्वारा किये गये उक्त कार्यों के भुगतान का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र में माह अप्रैल, 2013 से दिसंबर, 2024 तक 33 केवी एवं 11 केवी के कितने भूमिगत केबल डालने के कार्यादेश किन-किन फर्मों को, कितनी-कितनी राशि के जारी किये गये, उनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कितना भुगतान आदिनांक तक उक्त के पेटे किया जा चुका है तथा कितना कार्य पूर्ण हो चुका है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में माह अप्रैल, 2013 से दिसम्बर, 2024 तक निगम द्वारा करवाये गये समस्त कार्यों का उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा भौतिक सत्यापन कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## महवा विधान सभा क्षेत्र में कोरोना काल में खाद्य सामग्री का वितरण

509. (3040/ग्रामीण विकास) श्री राजेन्द्र (128)- क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र महवा में कोरोना काल में विधायक कोष से खाद्य सामग्री हेतु कितना बजट जारी किया गया था? खाद्य सामग्री व लाभार्थियों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) खाद्य सामग्री का वितरण किस कार्यकारी एजेन्सी द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में किया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सुजानगढ में खेल स्टेडियम का निर्माण

510. (238/युवा मामले एवं खेल) श्री मनोज कुमार (सुजानगढ)

(112)- क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा बजट 2022-23 में सुजानगढ में खेल मैदान/स्टेडियम स्वीकृत किया गया था? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा उक्त के निर्माण हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग को ढेड करोड़ रूपये का बजट आवंटित कर दिया गया है? यदि हां, तो बजट राशि का अब तक क्या उपयोग किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या उक्त कार्य के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कोई निविदा आमंत्रित की गई है? यदि हां, तो प्रति सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त खेल मैदान/स्टेडियम के कार्य को पूर्ण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बगरू में संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना

511. (1094/संस्कृत शिक्षा) श्री कैलाश चन्द्र वर्मा (36)- क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में नवीन संस्कृत महाविद्यालय खोलने के क्या नियम निर्धारित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार बगरू कस्बे में नवीन संस्कृत महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## देवगढ (भीम) में देवनारायण छात्रावास की स्थापना

512. (4136/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) श्री हरिसिंह रावत (193)- क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र भीम के देवगढ में देवनारायण छात्रावास नहीं है? यदि हां, तो क्या सरकार देवगढ में

देवनारायण छात्रावास खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कुशलगढ विधान सभा क्षेत्र में मां-बाडी समन्वय की नियुक्ति

513. (7211/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्रीमती रमीला खडीया (124)- क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र कुशलगढ में मां-बाडी समन्वयक को हटाये जाने के कारणों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार कुशलगढ में मां-बाडी समन्वयक को पुन: लगाये जाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चौहटन विधान सभा क्षेत्र के तहसील कार्यालयों में रिक्त पद

514. (5299/राजस्व) श्री आदूराम मेघवाल (19)- क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र चौहटन में राजस्व विभाग के अंतर्गत तहसील, उप तहसील व पटवार मण्डल कार्यालयों में कौन-कौनसे संवर्ग के, कितने-कितने पद स्वीकृत हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त कार्यालयों में स्वीकृत विभिन्न संवर्ग के कितने पद भरे हुए हैं व कितने रिक्त हैं? क्या सरकार रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सहकारी समिति फलसूंड में अनियमितता की जांच

515. (7318/मुख्यमंत्री सचिवालय) श्री प्रताप पुरी (92)- क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र पोकरण के सहकारी समिति फलसूंड

में हुए घोटाले की कमेटी बनाकर जांच करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## गढी विधान सभा क्षेत्र में बजाखरा, सागवाडिया में 220 जीएसएस की बजट घोषणा

516.
(7141/ऊर्जा)
श्री कैलाशचन्द्र मीणा (37)- क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि बजट 2024 में बांसवाड़ा के बजाखरा सागवाडिया में 220 ग्रिड सब स्टेशन की घोषणा हुई थी? यदि हां, तो अब तक उक्त का कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने के क्या कारण रहे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त क्षेत्र में बिजली की सुचारू आपूर्ति करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर ।**
**दिनांक : 06 मार्च, 2025**